हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025



12 गुरु वह दीपक जो अज्ञान के अंधकार को मिटाता : बड़ौली





12 विभिन्न गांवों में सब हेल्थ सेंटर के निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की राशि को मंजूरी




## खबर संक्षेप



### चोरी और गुम हुए 65 फोन किए बरामद

**सोनीपत।** जिले में मोबाइल फोन चोरी व गुम हुए मोबाइल फोन को साइबर थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त साइबर ईस्ट व मुख्यालय सोनीपत की तरफ से बरामद किए मोबाइल फोन को उनके मालिकों को लौटाया गया है। पुलिस ने इस संबंध में लोगों को जागरूक रहने व सतर्कता बरतने की बात कही है। पुलिस उपायुक्त साइबर व पूर्वी जोन प्रबीना ने बताया कि साइबर सेल सोनीपत टीम द्वारा मई व जून माह में अलग-अलग स्थानों से 65 मोबाइल फोन चोरी या गुम होने की शिकायत मिली थी। संबंधित थानों में पीड़ितों के बयान पर मुकदमें दर्ज किए गए।

### पुलिस ने दूसरे आरोपित को किया गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस टीम ने चोरी की बाइक बरामद करने की घटना में संलिप्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गोहाना के गांव माहरा निवासी नितेश पुत्र राधेश्याम है। 9 जुलाई 2025 को थाना बरोदा की पुलिस टीम मे नियुक्त मुख्य सिपाही धर्मवीर अपनी पुलिस टीम के साथ थाना बरोदा के सामने नाकाबन्दी पर मौजूद थे। चैकिंग के दौरान एक अपचारी बालक बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर आया। बाइक को रुकवाकर जब चैक किया गया तो वह थाना शहर गोहाना से चोरीशुदा होनी पाई गई।

### अवैध शराब की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध शराब तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोबिर निवासी रोहणी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

### बरोणा के राजकीय उच्च विद्यालय से सामान चोरी

**खरखौदा।** बरोणा गांव के राजकीय उच्च विद्यालय से सामान चोरी हो गया। स्कूल प्रभारी राकेश कुमार का कहना है कि रात के समय स्कूल में घुसे चोर पांच अलग-अलग कमरों में रखे सामान को चुरा ले गए। शिक्षक राकेश ने बताया कि चोर पांच कमरों में लगे इनवर्टर की बैट्री, एक प्रिंटर व मिड-डे-मील की रसोई में से सामान चुराकर ले गए हैं।

## 13 घंटे बाद बहाल हुई बिजली, रात भर परेशान रहे लाखों लोग, इन्वर्टर भी दे गए धोखा

# तेज बारिश के बाद आधे शहर में ब्लैकआउट

132 केवी फाजिलपुर पावर हाउस में पहले तकनीकी फॉल्ट, फिर फीडर में आई दिक्कत, बाद में पता चला खंभा भी गिर गया, पेयजल को लेकर हुई परेशान, कई इलाकों में शाम तक बहाल हुई बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बुधवार रात हुई तेज बारिश के कारण 132 केवी फाजिलपुर पावर हाउस में तकनीकी फॉल्ट आ गया, जिससे शहर के लगभग आधे हिस्से की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से शहरवासियों को करीब 13 घंटे तक ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। विशेषतौर पर मंडी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप रही, जिसके कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पूरी रात लाइट ना होने के बाद सुबह जब तक लाइट आनी शुरू हुई तब तक दैनिक कार्य प्रभावित हो चुके थे। हालांकि निगम कर्मचारियों ने पूरी रात मौके पर रहकर मरम्मत कार्य किया और बुधवार सुबह करीब 9 बजे के बाद जाकर बिजली आपूर्ति सामान्य हो सकी। बता दें कि शहर का पश्चिमी इलाका बुधवार-वीरवार की रात पूरी तरह से अंधेरे में डूबा रहा। रात 8 बजे के करीब बत्ती गुल हो गई थी, जोकि सुबह 9 बजे के बाद ही आनी शुरू हुई, हालांकि कुछ इलाकों में वीरवार शाम तक ही बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई। बिजली के इतने लंबे कट की वजह से लोगों को खासी परेशानी करनी पड़ी। आधे शहर की लाखों की आबादी परेशान रही।





सोनीपत। फाजिलपुर के पास खंभे को ठीक करते हुए कर्मचारी, कमेटी स्कूल के पास बिजली सप्लाई ठीक करने के लिये काम करते कर्मचारी।

### एक के बाद एक तीन समस्याएं

132केवी फाजिलपुर बिजली घर से 33केवी सूरज स्टील बिजली सब स्टेशन को जोड़ने के लिए डाली गई हाइटेंशन लाइन डाली गई है। बुधवार रात आई तेज बारिश के दौरान श्रीराम रेजीडेंसी के पीछे खेत में मिट्टी खिसक गई। खेत की मेढ़ पर खड़ा किया गया हाईटेंशन लाइन का खंभा गिर गिया। जिसकी वजह से फाजिलपुर स्थित 132केवी बिजलीघर के पास एक साथ दो डिस्क पंक्चर हो गए। उसके बाद सूरज स्टील फीडर पर फॉल्ट आ गया। यहां पर फॉल्ट ठीक किया गया तो इसके बाद भी सप्लाई जारी नहीं हो पाई। वहीं गिरे हुए खंभों को सुबह 7 बजे के बाद ठीक किया जा सका। क्योंकि अलसुबह लेबर नहीं मिली थी।

### ये इलाके रहे प्रभावित

कालूपुर, बैयापुर, विकास नगर, माडल टाउन, कबीरपुर, देवनगर, शिव नगर, आदर्श, गुड मंडी, रामनगर, ओल्ड रोहतक रोड, देवडू रोड, इंद्रा कॉलोनी, बस अड्डा, कच्चे क्वार्टर, बाबा कॉलोनी, लक्ष्मण कॉलोनी, मोहन नगर, नई अनाज मंडी, लहराड़ा, भगत सिंह कॉलोनी, प्रभु नगर, मिर्च मंडी, आर्य नगर, विशाल नगर आदि क्षेत्रों में रातभर अंधेरा पसरा रहा।

### शिकायत केंद्र पर दर्ज हुईं दो हजार से अधिक शिकायतें

बिजली गुल होने के बाद उपभोक्ताओं ने निगम के शिकायत केंद्र पर लगातार फोन किए। शिकायतों की संख्या 24 घंटे में 2000 के पार पहुंच गई। कई उपभोक्ता कॉल सेंटर से संपर्क नहीं कर पाए, और जिनकी शिकायत दर्ज हुई, उन्हें भी तत्काल समाधान नहीं मिल सका। बारिश के दौरान कई इलाकों में लो व हाई वोल्टेज की समस्या बनी रही, जिससे लोगों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने का डर सताता रहा।

### 27 घंटों बाद भी नहीं आई लाइट

मंडी क्षेत्र में अन्य जगहों पर तो लाइट आई गई, लेकिन कमेटी स्कूल के पास लगे दो ट्रांसफॉर्मरों में से एक ट्रांसफॉर्मर के खराब हो जाने से इलाके की बिजली आपूर्ति पिछले 27 घंटों से ठप है। मिशन चौक, तीरथ मार्केट, कमेटी स्कूल व आसपास के इलाकों में बिजली गुल होने के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन क्षेत्रों का लोड अस्थायी रूप से दो नजदीकी ट्रांसफॉर्मरों पर डाला गया है, जिससे बिजली तो आ गई, लेकिन ओवरलोडिंग की आशंका बनी हुई है।

### सुबह के समय पानी के लिए तरसे लोग

नगर निगम की ओर से सुबह 5 बजे शहर में पानी की आपूर्ति की जाती है। बिजली गुल होने के कारण दो बूस्टिंग स्टेशन बंद रहे। इसके चलते सुबह से समय पानी की आपूर्ति बाधित रही। लोग सुबह से ही बिजली निगम व नगर निगम के अधिकारियों को फोन कर बिजली के साथ पानी आपूर्ति की मांग करते रहे। बिजली लाइन में फॉल्ट को दूर करने के बाद लोगों को राहत मिल सकी। उसके बाद भी नगर निगम की ओर से बूस्टिंग स्टेशनों से कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति शुरू की जा सकी।

### तकनीकी फॉल्ट के कारण बिजली हुई थी बाधित

132 केवी फाजिलपुर पावर हाउस में तकनीकी फॉल्ट के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिसे निगम कर्मियों ने पूरी रात मेहनत कर ठीक कर दिया है। अब बिजली आपूर्ति सामान्य है। निगम लोगों को निर्बाध बिजली देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। **-जीआर तंवर, एसई, बिजली निगम, सोनीपत**



सोनीपत। मौके का मुआयना करने पहुंचे मेयर राजीव जैन।

## सत्संग में सेवा करने आए सेवादार ने किशोर व उसकी मां पर किया हमला

- तेजधार हथियार से हमला करने का आरोप, घर में लगाई आग
- दमकल विभाग की गाड़ी में आग पर पाया काबू, मेयर ने मौके का किया मुआयना
- सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने आरोपित के खिलाफ किया विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-14 स्थित सत्संग में सेवा करने आए सेवादार पर किशोर व उसकी मां पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने व उसके घर पर आग लगाने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला बेटे को लेकर अस्पताल में गई तो आरोपित को अंदर बंद कर दिया। जिस पर उसने घर में आग लगा दी। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। धुएं के प्रभाव में आने से सेवादार भी बेसुध हो गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

सेक्टर-14 निवासी ज्योति ने बताया कि वह सत्संग करती है। उसके घर में सत्संग के दौरान जगदीश सेवा करने के लिए आता है। बुधवार शाम को भी उनके घर में सत्संग था। रात को बारिश आने के कारण जगदीश सेवा करने के बाद उनके घर में ही सो गया। रात को ज्योति का करीब 17 वर्षीय बेटा लव्यांश घर आया और खाना खाकर सो गया। जगदीश व लव्यांश एक ही कमरे में सो रहे थे। आरोप है कि देर रात अचानक जगदीश ने लव्यांश पर हमला कर दिया। उनके हाथ व नाक पर धारदार हथियार से वार दिया। बताया जा रहा है कि बचाव को आई ज्योति पर भी हमला कर दिया गया। घायल होने पर ज्योति अपने बेटे को लेकर अस्पताल में पहुंची। बताया जा रहा है कि वह आरोपित जगदीश को घर के अंदर रही बंद कर चले गए। जिससे आरोपित भाग न सके। महिला का आरोप है कि देर रात जगदीश ने घर के अंदर आग लगा दी। आग तेजी से फैली और पूरे घर को चपेट में ले लिया। आग से घर का सामान जल गया। आग की सूचना के बाद पुलिस ने अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि आग से घर का सामान भी जलकर नष्ट हो गया। धुएं के प्रभाव में आकर जगदीश भी बेसुध हो गया।

### राजीव जैन ने मौके पर किया मुआयना

आगजनी व हमला किए जाने की सूचना के बाद वीरवार को मेयर राजीव जैन ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उनका कहना था कि पीड़ित परिवार पर हमला करने के साथ ही आग लगाने की सूचना मिली थी।

### विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज

सत्संग करने वाली महिला के घर पर आगजनी व उसके बेटे को घायल करने के आरोप की शिकायत मिली है। इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
**-सवित कुमार, प्रभारी सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत।**

## दोस्त की शादी समारोह की पार्टी में गया युवक करंट की चपेट में आया, मौत

- शहर थाना क्षेत्र के कालूपुर की घटना, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया
- मोबाइल पर आई कॉल सुनने के लिए बालकनी में चला गया था युवक, लाइन के नजदीक होने के चलते हुआ शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र में दोस्त की शादी समारोह की पार्टी में गए युवक करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। पुलिस शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवायेगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। इंद्रा कॉलोनी कालूपुर निवासी राजू ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसका बेटा सावन (22) गीता भवन चौक पर स्थित जनरेटर की दुकान पर काम करता था। वह बृहस्पतिवार को अपने दोस्त मंदीप की शादी के उपलक्ष्य में रखी पार्टी में शिरकत करने के लिए दोस्त के घर पर गया था। जानकारी मिली कि उसके मोबाइल पर किसी का फोन आ गया। वह घर की बालकनी में चला गया। बालकनी के पास से गुजर रहे तारों से करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घर पर चल रही शादी की पार्टी में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। परिजनों का आरोप है कि बिजली की लाइन घरों के पास से गुजर रही है। जिसके चलते करंट लगने का भय बना रहता है। जांच अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि देर शाम तक कागजी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा।





### तेज रफ्तार बाइक ने सैर कर रहे बुजुर्ग को चपेट में लिया

**सोनीपत।** गांव टिकोला में घर से सैर करने निकले बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन घायल को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां उसे उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। हादसे की घटना सड़क किनारे स्थित मकान पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। गांव टिकौला निवासी सज्जन पाल ने बताया कि वह रोज घर से सैर करने के लिए निकलता है। बृहस्पतिवार सुबह वह घर से सैर करने के लिए निकला था। वह सड़क किनारे चल रहा था। पीछे से अज्ञात बाइक ने उसे टक्कर मार दी। वह टक्कर लगने से सड़क किनारे पर जाकर गिरा। हादसे में वह घायल हो गया। किसी तरह मामले की सूचना परिजनों को दी। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे।

## जिले में लागू की गई धारा 163

- कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलाधीश सुशील सारवान ने 11 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावण कांवड़ मेला मे कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा हेतू मेला के दौरान जाम की समस्या, यातायात सुचारू रूप से चलाने, कानून व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला सोनीपत में 11 जुलाई से आगामी आदेशों तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं।

श्रावण कांवड़ मेला के मद्देनजर वाहनों में अनाधिकृत ध्वनि वाले डीजे लगाने/बजाने, कांवड़ यात्रा में हांकी, बेसबाल एवं लाठी इत्यादि के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। कांवड़ शिविर हरिद्वार से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्ग पर केवल बाई तरफ ही लगाया जाएगा तथा कांवड़ शिविर सडक से कम से कम 60 फुट की दूरी पर ही स्थापित किए जाएगें। इसके अतिरिक्त जिला सोनीपत की सीमा में व उत्तर प्रदेश की तरफ जाने वाले मार्ग पर तथा कांवाड़ियों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहन एवं व्यापारिक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। कांवड़ शिविर के आस-पास किसी भी प्रकार की गंदगी ना फलाई जाए। वाहनों की व्यवस्थित पार्किग की जाए। जिला सोनीपत की सीमा में निर्धारित लेन ड्राईविंग व नियंत्रित गति में वाहन चलाएं जाए। जिलाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 233 के तहत दंडित किया जाएगा।

### परीक्षाओं के मद्देनजर लागू की धारा

जिलाधीश सुशील सारवान ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 10वी एवं 12वी की रीअपीअर/अतिरिक्त, सुधार परीक्षा 04 जुलाई से 14 जुलाई तक जिले में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के सुचारु, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। ये आदेश परीक्षा अवधि के दौरान दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक प्रभावी रहेंगे। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के क्षेत्र में फोटोकॉपी, जेरॉक्स, फैक्स इत्यादि की दुकानें संचालित करने व अन्य नकल उपकरणों के काम करने एवं आग्नेयास्त्रों और अन्य वस्तुओं को ले जाने जो चोट पहुंचाने मे सक्षम है उन पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नारे लगाने और तख्तियां पदर्शन पर भी रोकथाम, परीक्षा केंद्रों पर अनाधिकृत व्यक्तियों की उपस्थित की रोकथाम, सार्वजनिक शान्ति एवं सौहार्द में व्यवधान उत्पन्न न हो इसलिए वहां हो रही गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के भी आदेश रहेगे।

## वर्षों से बंद पड़ा गन्नौर बस अड्डा बना अवैध पार्किंग और असामाजिक तत्वों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पिछले पांच वर्षों से बंद पड़ा गन्नौर बस अड्डा अवैध पार्किंग और असामाजिक गतिविधियों का ठिकाना बन गया है। कभी दर्जनों बसों की आवाजाही से व्यस्त रहने वाला यह अड्डा अब बदहाल हो चुका है। करीब 36 साल पहले तत्कालीन परिवहन मंत्री स्व. वेद सिंह मलिक ने गन्नौर जीटी रोड पर डेढ़ एकड़ में इस बस अड्डे का निर्माण किया था। जिसे अब लोक निर्माण विभाग ने कंडम घोषित कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोडवेज बसों की आवाजाही पूरी तरह ठप है और भवन जर्जर हालत में पहुंच चुका है। जगह-जगह दीवारों में दरारें आ गई हैं और छत भी कंडम हो चुकी है। साफ-सफाई न होने से पूरे परिसर में गंदगी का अंबार लगा है।



गन्नौर। बस अड्डे की जमीन पर अवैध रूप से पार्क किए गए वाहन।

### दैनिक यात्रियों को परेशानी

गन्नौर जीटी रोड से प्रतिदिन करीब 200-300 यात्रियों का रोडवेज में आना-जाना होता है। बस स्टैंड बंद होने के कारण अभी वर्तमान में उन्हें गन्नौर अड्डे पर सड़क किनारे खड़े रह कर बसों का इंतजार करना पड़ता है। यहां पर बस क्यू शेल्टर भी नहीं बने हैं, जिससे यात्रियों को वर्षा, गर्मी व ठंड में खुले आसमान के तले ही खड़े रहना पड़ता है। कई बार बसें बिना रुके ही आगे निकल जाती हैं। जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है।

### आधुनिक रूप से तैयार करने की है योजना

स्थानीय विधायक देवेंद्र कादियान ने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया था। जिसके बाद गन्नौर बस अड्डे के नवीनीकरण की योजना पर काम चल रहा है। नई योजना के तहत नवीनीकरण के बाद यहां 2 के स्थान पर 10 बस स्टाप बनाए जाने हैं। बस अड्डे में बस शापिंग काम्पलेक्स, दुकानें, प्रशासनिक भवन, शौचालय का निर्माण भी प्रस्तावित है। भविष्य में यहां इलेक्ट्रिक बसों का ठहराव भी होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए यहां चार्जिंग प्वाइंट भी बनाए जाने की योजना है। लोगों ने विधायक से नए सिरे से प्रस्तावित बस अड्डे का निर्माणकार्य जल्द शुरू करवाने की मांग की है।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सफलता पर एआईयूटीयूसी ने जताया आभार

**सोनीपत।** एआईयूटीयूसी हरियाणा के प्रदेश सचिव कॉमरेड हरिप्रकाश ने 9 जुलाई को हुई राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने में योगदान देने वाले बुद्धिजीवियों, औद्योगिक मजदूरों, स्कीम वर्करों, कर्मचारियों, मेहनतकश जनता और संयुक्त किसान मोर्चा के सहयोगी संगठनों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि यह हड़ताल 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर की गई थी, जिसमें मजदूर विरोधी चार लेबर कोड वापस लेने, 26000 न्यूनतम वेतन, पुरानी पेंशन बहाली, स्थाई भर्तियों, स्कीम वर्करों को श्रमिक का दर्जा देने और निजीकरण पर रोक जैसी मांगें उठाई गई। कॉमरेड हरिप्रकाश ने कहा कि मजदूर, किसान और आमजन के सहयोग के बिना यह हड़ताल संभव नहीं थी। जब तक सरकार इन मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाती, आंदोलन देशभर में चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।

## सावन के पीछे की पौराणिक मान्यताएं व धार्मिक रहस्यः आचार्य

# सावन का महीना क्यों है शिवजी को प्रिय?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आज से सावन का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। हिन्दू धर्म में यह मास भगवान शिव को समर्पित होता है। पूरे महीने शिवभक्त व्रत, पूजन और रुद्राभिषेक के जरिए शिव की आराधना करते हैं। आचार्य मनमोहन मिश्रा बताते हैं कि सावन, दक्षिणायन की शुरुआत में आता है और दक्षिणायन के देवता शिव माने गए हैं, इसलिए इस मास में शिव आराधना का विशेष महत्व है।

स्कंद पुराण के अनुसार स्वयं भगवान शिव ने सनत्कुमार को बताया था कि श्रावण मास उन्हें अत्यंत प्रिय है। इस मास की हर तिथि में व्रत और हर दिन में पर्व होता है। वर्षा ऋतु में आने वाले इस माह में प्रकृति पुष्पों-पत्तियों से भर जाती है, जो शिव पूजा के लिए आवश्यक होते हैं। माता पार्वती ने भी सावन मास में ही कठोर व्रत रखकर भगवान शिव को प्रसन्न किया था और उनसे विवाह किया। एक मान्यता के अनुसार, सावन में ही शिव जी अपनी ससुराल आए थे, जहां उनका जलाभिषेक कर स्वागत हुआ था। इसीलिए यह मास उनके स्वागत और पूजन का समय माना जाता है।

### पौराणिक मान्यताओं से जुड़ी परंपराएं

रुद्राभिषेक की परंपराः समुद्र मंथन के दौरान निकले हलाहल विष को शिव ने अपने कंठ में धारण कर लिया था। इससे उनके शरीर में गर्मी बढ़ गई थी, जिसे शांत करने के लिए देवी-देवताओं ने जलाभिषेक किया। तभी से सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा बनी।

**बेलपत्र अर्पण का कारणः शिव त्रिनेत्रधारी हैं** : बाएं नेत्र में चंद्र, दाएं में सूर्य और मध्य में अग्नि का वास है। बेलपत्र को शिव के त्रिनेत्र का प्रतीक माना जाता है। साथ ही, इसके माध्यम से देवी पार्वती सहित अन्य देवियों की पूजा भी होती है।

**भस्म चढ़ाने की परंपराः** जब सती ने हवनकुंड में अपने प्राण त्यागे थे, तब भगवान शिव ने उनकी चिता की भस्म अपने शरीर पर लगाई थी। तभी से शिव पर भस्म चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई, जो भक्त आज भी श्रद्धा से निभाते हैं।

### लंबी उम्र के लिए भी पूजनीय

मारकंडेय ऋषि ने भी श्रावण मास में कठोर तप कर शिव से अमरत्व का वरदान प्राप्त किया था। इसलिए यह मास अकाल मृत्यु, रोगों से मुक्ति और दीर्घायु की कामना के लिए भी उत्तम माना गया है। सावन में शिव की आराधना नियम, संयम और श्रद्धा से करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।



सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### समझो सेफ्टी का मतलब

सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।


### करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

### प्राइवेसी का रखो ध्यान

बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।





### जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।

### याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

# समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।



'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।

जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *




**किताब** : लिलिपुट कहानियां, **लेखक** : समीर गांगुली,
**मूल्य** : 280 रुपए, **प्रकाशक** : अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

# परेशानी में मत घबराना




चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चो को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'

'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



## मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।

## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-160 का उत्तर :** 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल

## रंग भरो 180

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## रंग भरो-179

**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




अंकित, धमतरी


वसनि, रायपुर


भव्या, बिलासपुर


तन्मय, दुर्ग


डॉली, दुर्ग

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा


तेजस, रायपुर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस सेवादल की जिला कार्यकारिणी घोषित

**सोनीपत।** कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला कांग्रेस सेवादल की कार्यकारिणी की घोषणा जिलाध्यक्ष ईसाक मदार द्वारा प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा , एससी विभाग जिलाध्यक्ष दयानन्द वाल्मीकि, कार्यालय प्रभारी प्रेमनारायण गुप्ता एवं महिला सेवादल अध्यक्ष कृष्णा बुमरा की उपस्थिति में की। सुनील कौशिक और सबाना को उपाध्यक्ष, जयवीर सेवली, बिजेन्द्र सरपंच जाजी, सतनाम, भगवानदास, मनोज अगवानपुर, राजवन्ती राठी, बिमला को महासचिव नियुक्त किया।

### बिजली लाइन के टावरों से एंगल चोरी

**खरखौदा।** आसौदा 132 केवी पावर हाउस से इंडस्ट्रियल माडल टाउनशिप खरखौदा में आने वाली बिजली लाइन के टावरों से एंगल चोरी हो गए हैं। जिसकी सूचना मिलने पर बिजली निगम, सैदपुर के एसडीओ आशीष ने सैदपुर चौकी पुलिस को एक आटो चालक के खिलाफ शिकायत देते हुए केस दर्ज करवाया है। खरखौदा आइएमटी में स्थित मारुति के प्लांट में हाल समय में आसौदा, झज्जर स्थित 132 केवी पावर सब स्टेशन से बिजली आती है।

### सरकार की नीतियों पर जताया रोष

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी तथा हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के कर्मचारी बुधवार को लगातार 9वें दिन भी धरने पर डटे रहे। कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और रोष जताया। धरने का नेतृत्व महावीर नागर और टीनू मदान ने किया, जबकि संचालन ध्रुव कुमार और समेश कुमार ने संभाला।

### स्काउट गाइड टीम ने डीसी का अभिनंदन किया

**सोनीपत।** हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के राज्य सचिव नवीन जयहिंद की अध्यक्षता में हिंदुस्तान स्काउट गाइड टीम सोनीपत द्वारा जिला उपायुक्त सोनीपत सुशील सारवान का अभिनंदन किया गया। पुष्प गुच्छ देकर जिला उपयुक्त का सोनीपत आगमन पर स्वागत किया। जिला उपयुक्त सोनीपत ने तीज महोत्सव के अवसर पर होने वाले राज्य स्तरीय तीज महोत्सव कार्यक्रम के लिए निर्देश दिए। जिला सचिव राजकुमार , सुशील कुमार, मोनिका दहिया, नफीस अली, आनंद आदि मौजूद रहे।

### जनकल्याणकारी नीतियों से पात्र वंचित न रहे

**सोनीपत।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिलावासियों को सरलता व सहजता से लाभ कैसे मिले, इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए वीरवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में कार्य कर रहे सभी एबीपीओ, पीओ, बीपीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

### समाधान न होने पर जिला स्तर पर होगा धरना-प्रदर्शन

**सोनीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन, कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय से संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की जिला कमेटी की बैठक बुधवार को यूनियन कार्यालय, जलघर प्रांगण, लघु सचिवालय के पास सोनीपत में आयोजित की गई। बैठक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने की, जबकि संचालन जिला सचिव रामप्रसाद ने किया।

### योगेश ब्राह्मण महासंस्था के राष्ट्रीय महासचिव बने

**सोनीपत।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के सोनीपत से लगातार दो बार महासचिव रहे योगेश शर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य मिश्रा की संसुप्ति पर लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय महासचिव के रूप में फिर से कमान सौंपी है। राष्ट्रीय महासचिव योगेश ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य मिश्रा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम सेना प्रकोष्ठ विनीत अवस्थी को आभार व्यक्त किया।

---

*स्वास्थ्य विभाग की रडार पर आई महिलाएं*

# आरसीएच आईडी नहीं बनवाने वाली एक हजार महिलाओं को किया चिन्हित

**ट्रैकिंग के जरिए लड़का या लड़की पैदा हुई इसका पता करेगा स्वास्थ्य विभाग, रिपोर्ट देखकर होगी आगामी कार्यवाई**

*विभाग की तरफ से महिलाओं पर रखी जा रही कड़ी नजर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में प्रसव पूर्व भ्रूण जांच रोकने के लिए प्रदेश सरकार व स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। ताकि प्रदेश में बेटे-बेटियों के बीच के अंतर को खत्म किया जा सके। विभाग की तरफ से प्रसव पूर्व भ्रूण जांच रोकने के लिए नई योजना तैयार की है। इस योजना के तहत विभाग की तरफ से जिले में एक हजार महिलाओं को चिह्नित किया है। जिन्होंने अब तक अपनी आरसीएच आईडी नहीं बनवाई है। विभाग की गाइडलाइन के अनुसार उक्त आईडी को गर्भवती होने पर तीन महीने के अंदर बनवाना होता है। विभाग की तरफ से उक्त महिलाओं पर डिलीवरी होने तक नजर रखी जायेगी।

बता दें कि प्रदेश में बेटे-बेटियों के अनुपात को बरामद करने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाओं को चलाकर आमजन को लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। उसके बावजूद भ्रूण जांच नहीं रूक रही है। विभाग की तरफ से प्रसव पूर्व भ्रूण जांच रोकने के लिए नई योजना तैयार की है। इस योजना के तहत क्षेत्र की एक हजार गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य विभाग की रडार पर रहेंगी। यह वह गर्भवती हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कहने के बाद भी आरसीएच आईडी तय समय पर नहीं बनवाई। इन महिलाओं पर स्वास्थ्य विभाग की पैनी नजर है।

विभाग गांव की आबादी के अनुसार जन्मे बच्चों की जानकारी एकत्रित करेगा। गांव-गांव गली में रखेगा विभाग पैनी नजरः योजना के तहत विभाग की तरफ से जिन गांवों में बच्चे ज्यादा पैदा हो रहे है, खासकर वह गांव मुख्य तौर से विभाग की रडार पर रहेगा। उसके साथ ही यहां सक्रिय दलाल व अन्य गैंग की जानकारी हासिल कर विभागीय व कानूनी कार्यवाही की जायेगी। अब तक स्वास्थ्य विभाग गुप्त सूचना पर ही कार्रवाई करता रहा है। लेकिन नई योजना से वह सभी गांव रडार पर आ जाएंगे, ज्यादा लड़कियों के मुकाबले लड़के ज्यादा पैदा हो रहे हैं।

#### नोटिस जारी किया जाएगा



जिले में गर्भवती महिलाओं को अपनी तीन माह के अंदर आरसीएच आईडी बनवानी अनिवार्य है। विभाग की तरफ से आईडी न बनवाने व देर बनवाने वाली एक हजार महिलाओं को चिह्नित किया गया है। निजी अस्पताल व लैब संचालकों को निर्देश दे दिए है। इलाज करने वाले अस्पतालों को भी आईडी बनवाने बारे निर्देश दे दिए हैं। जो अस्पताल लापरवाही करेगा उसे नोटिस जारी किया जाएगा। *डा. ज्योत्सना, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।*

#### योजना के तहत हो रहा काम

बता दें कि हाल में जिले की काफी गर्भवती महिलाएं निजी अस्पताल से इलाज करवा रही हैं। यह महिलाएं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे पोर्टल पर दर्ज नहीं हैं, अर्थात इनका पंजीकरण आरसीएच पोर्टल पर नहीं है। ऐसे में अब इनका इलाज करने वाला चिकित्सक व फार्मासिस्ट एक फार्म भरकर विभाग के पास भेजेगा। उसके बाद संबंधित एसएमओ अपने क्षेत्र की एएनएम को इसकी जानकारी देगा। बाद एएनएम फार्मेट पर जिस महिला का नाम, पता व मोबाइल नंबर है उस पर संपर्क करेगी और गर्भवती की आईडी बनवाने का काम करेगी। आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड ही जरूरी है। यह आईडी पीएचसी व सीएचसी से भी बनवाई जा सकती है।

#### रजिस्ट्रेशन पर अल्ट्रासाउंड

आरसीएच व शिशु ट्रैकिंग प्रणाली में रजिस्ट्रेशन होने पर होगा अल्ट्रासाउंडः विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में गर्भवती महिलाओं की निगरानी व ट्रैकिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग ने यह बड़ा कदम उठाया है। अब गर्भवती महिलाओं का प्रजनन व बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) आईडी और मां व शिशु ट्रैकिंग प्रणाली (एमसीटीएस) नंबर के बिना अल्ट्रासाउंड नहीं किया जाएगा। विभाग की तरफ से इस संबंध में सरकारी व निजी लैब व अस्पतालों को जानकारी दी जा चुकी है। अगर किसी महिला ने अल्ट्रासाउंड करवाना है तो उसे पहले अपनी आरसीएच आईडी बनवानी अनिवार्य होगी।

---

# एक महिला समेत १० ने किया रक्तदान

- शहर में पार्क रोड स्थित जीत अस्पताल में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथि और आयोजक। फोटो :हरिभूमि

शहर में पार्क रोड पर दीनबन्धु छोटूराम चौक के समीप स्थित जीत अस्पताल में गुरुवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। भव्य मोर के जन्मदिवस पर यह शिविर वातानुकूलित बस में लगा जिसमें 1 महिला समेत 20 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में पीजीआई रोहतक के रक्त बैंक से डॉ. प्रेरणा की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची।

रक्तदान शिविर जीत पैथ लैब द्वारा आयोजित किया गया। सानिध्य डॉ. शिवम नरवाल, डॉ. कपूर सिंह नरवाल, बार एसोसिएशन गोहाना के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य, गांव भैंसवाल कलां के सरपंच संदीप मलिक और भूपेंद्र मलिक का रहा। संयुक्त अध्यक्षता जगविंद्र मोर और मोहित मलिक ने की। संयोजन विकास मोर और रवि सूरा का रहा। शिविर में नियमित रक्तदाताओं में डॉ. प्रदीप मलिक, हितेश काद्यान, अरुण व नियमित रक्तदाताओं में हरिओम और आशीष चौहान ने रक्तदान किया। आयोजक समिति में विशाल मोर, संतोष मोर, शकुंतला मोर और विकास भारद्वाज का विशेष योगदान रहा।



खरखौदा। जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### जलनिकासी व्यवस्था का किया निरीक्षण

**खरखौदा।** बुधवार को एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने शहर का दौरा कर बारिश के बाद जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। मुख्य मार्ग,थाना कलां रोड समेत अन्य क्षेत्रों में जाकर पानी निकासी की व्यवस्थाओं को परखा। अधिकांश स्थानों पर निकासी व्यवस्था दुरुस्त मिलने पर एसडीएम संतुष्ट नजर आए। हालांकि जहां पानी जमा मिला, वहां त्वरित समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम ने नगरपालिका सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि यह केवल पहली बारिश है, आगामी दिनों में अधिक वर्षा की संभावना रहती है, ऐसे में सभी इंतजाम पुख्ता रखें। उन्होंने कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द रखने और बारिश के दौरान अलर्ट मोड में रहने के भी निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए नगर पालिका को पहले से तैयारी रखनी होगी।

### शिविर में आई शिकायतों का जल्द समाधान करें

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने जिले के सभी बीडीपीओं को निर्देश दिए की वो समाधान शिविर में आई शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करे। जिससे शिकायतकर्ता को किसी भी तरह की परेशानी न हो। उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर जिले के सभी बीडीपीओ के साथ समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए उनको दिशा-निर्देश दिए कि वो समाधान शिविर में आई शिकायतों का एक सप्ताह में समाधान करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा संबंधित बीडीपीओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समाधान शिवर में आई शिकायतों का निपटारा करने मे प्राथमिकता दिखाए। जिससे समाधान शिविर आयोजित करने का जो उद्देश्य है वो पूरा हो सकें। उपायुक्त ने बैठक मे सभी बीडीपीओंके साथ मुख्यमंत्री आवास योजनाओं से संबंधित मुद्दों पर विस्तार में चर्चा करते लाभार्थियों के बारे जानकारी ली। उन्होंने डीडीपीओ एवं जिले के सभी बीडीपीओं को निर्देश दिए कि वो पंचायती जमीन से संबंधित मुद्दों को संबंधित गांव में मौके पर जाकर सुलझाएं।

---

### मोनी बाबा ने 30 वर्षों बाद खोला मौन व्रत

**सोनीपत।** जाहरी चौक पर स्थित मोनी बाबा पारेख धाम में गद्दीसीन संत मोनी बाबा जोगिंदर शाह ने पूरे 30 वर्षों के मौन व्रत को तोड़ते पहली बार सार्वजनिक रूप से लोगों को संबोधित किया। मोनी बाबा ने कहा कि वर्षों की साधना के दौरान उन्हें सत्य और आत्मज्ञान प्राप्त हुआ और वे अब जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लेते हैं। अपनी दिव्य दृष्टि का उल्लेख करते मोनी बाबा ने दावा किया कि उन्हें पूर्व से ही यह ज्ञान होता है कि आने वाले समय में कौन सरकार बनाएगा, कौन सरपंच, विधायक और सांसद बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह ज्ञान कोई चमत्कार नहीं, बल्कि साधना और आत्मबल की शक्ति का परिणाम है। देश और समाज में बढ़ते पाखंड पर बोलते हुए मोनी बाबा ने कुछ तथाकथित बाबाओं की आलोचना करते कहा कि आजकल कई लोग सिर्फ पैसे, प्रसिद्धि और अन्य स्वार्थों के लिए बाबा का रूप धारण कर रहे हैं। उन्होंने आम जन से आग्रह किया कि वे सच्चे संत और साधकों की पहचान करें और केवल आस्था के नाम पर अंधविश्वास में न उलझें।



सोनीपत। मोनी बाबा के साथ अन्य महाराज एवं गणमान्य लोग।



शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाकात करते प्रदीप सांगवान, साथ में सरपंच संदीप।

### नए कोर्स प्रारंभ करने की मांग

**गोहाना।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व बरोदा हलका से पार्टी के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से उनके पानीपत स्तिथ निवास पर मुलाकात की। प्रदीप सांगवान ने मंत्री से भैंसवाल कलां गांव स्थित बीपीएस साउथ कैंपस में डी फार्मेसी, डीएमएलटी और बीसई नर्सिंग कोर्स शुरू करवाने की मांग की। प्रदीप सांगवान ने कहा कि भैंसवाल कलां में बीपीएस साउथ कैंपस काफी पुराना शिक्षण संस्थान है। इस संस्थान में डी फार्मेसी, डीएमएलटी और बीएसई नर्सिंग कोर्स शुरू करना समय की मांग है। संस्थान में ये कोर्स शुरू होने पर आसपास के करीब एक दर्जन गांव की छात्राओं को फायदा होगा। अब संस्थान में केवल 60 सीटों का बी फार्मा कोर्स ही चल रहा है। प्रदीप सांगवान ने गांव भैंसवाल कलां के सरपंच संदीप के साथ शिक्षा मंत्री से मुलाकात की। प्रदीप के अनुसार शिक्षा मंत्री ने इस संस्थान में इन कोर्सों को शुरू करवाने का आश्वासन दिया।

### ग्रीन बेल्ट में चलाया पौधरोपण अभियान

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा मैप्सको सिटी की ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण अभियान चलाया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार बेलगरी जामुन आवले नीम के 10 पौधे लगाए। इस दौरान सभी से निवेदन किया कि अभी बारिश के मौसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए और जब तक पेड़ नहीं बन जाते उनकी देखभाल करें ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, राहुल गुप्ता, सुनील सांगवान, शमशेर, सोनू आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। अभियान के तहत पौधे रोपित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। पदक विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते स्कूल प्रबंधन।

### प्रताप स्कूल के धीरज ने जीता गोल्ड मेडल

**खरखौदा।** हैदराबाद में आयोजित नेशनल जूनियर वुशु चैम्पियनशिप में प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा के होनहार खिलाड़ी धीरज ने 85 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल विद्यालय, बल्कि प्रदेश को गौरवान्वित किया। विद्यालय में स्वर्ण पदक विजेता धीरज के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, कन्या कालेज खरखौदा एवं प्रताप सिंह मैमोरियल शिक्षा समिति के प्रधान वेदप्रकाश पहलवान, संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, वुशु कोच विनोद गुलिया, इंटरनेशनल वुशु मैडलिस्ट अपर्णा व धीरज ने धीरज का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश दहिया ने कहा कि धीरज पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर चुका है। संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार ने धीरज के सम्मान में 5 किलोग्राम देसी घी भेंट कर उसका उत्साहवर्धन किया। धीरज ने सभी अतिथियों, कोच, माता-पिता एवं विद्यालय प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया।

---



गन्नौर। एसडीएम को ज्ञापन देते जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक व किसान नेता।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गन्नौर।** भाकियू अम्बावत की बैठक वीरवार को जाट धर्मशाला गन्नौर में ब्लाक प्रधान बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष जयभगवान, रामधन सिंह, रणधीर सिंह, रंगलाल फौजी, रामधन, रामकुमार सहित अन्य किसान नेता शामिल रहे। बैठक के बाद यूनियन ने एसडीएम प्रवेश कादियान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मांग करी कि 14 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सैनी के मंडी आगमन पर किसानों के दल को उनसे मिलवाया जाए, ताकि वह मुख्यमंत्री को किसानों की समस्याओं से अवगत करवा सकें। उन्होंने बताया कि धान की फसल को डीएपी, यूरिया की जरूरत है और इस समय डीएपी व यूरिया की कमी हो रही है जिसे पूरा किया जाए। गांवो में गोचरान की भूमि पर अवैध कब्जे छुड़वाने, पुगथला में रोड के साथ खोदे गए नालों का जल्द निर्माण करवाने, अगवानपुर-राजलूगढ़ी तिराहे के पास फैले कीचड़ का समाधान करवाने, गन्नौर क्षेत्र में उखाड़ी गई सड़कों का निर्माण करवाने की मांगें रखी गईं। एसडीएम ने यूनियन की जायज मांगो को पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

# कविता गायन में निष्ठा रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



खरखौदा। अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करते प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

खांडा रोड स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ विद्यालय में कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को पूर्व प्राथमिक और प्राथमिक दो भागों में विभाजित किया गया। मंच का संचालन अध्यापिका ज्योति और मोनिका ने किया। निर्णायक मंडली में पूर्व प्राथमिक वर्ग के लिए अध्यापिका वर्षा, प्रीति और प्राथमिक वर्ग के लिए अध्यापिका सरिता व तमन्ना रही। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूर्व प्राथमिक वर्ग में छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, जबकि प्राथमिक वर्ग में विद्यार्थियों ने अपनी कविता कौशल का प्रदर्शन किया। कविताओं के विषय मेरी मॉं, पर्यावरण बचाओ, जल बचाओ और स्वस्थ भोजन से संबंधित थे। प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे- कक्षा पहली से प्रथम स्थान पर निष्ठा, दूसरे स्थान पर विद्या, तृतीय स्थान पर युविका रही। कक्षा दूसरी से प्रथम स्थान आराध्या, द्वितीय स्थान पर जैस्मिन और तृतीय स्थान पर ऋषभ रहे। कक्षा तीसरी से प्रथम स्थान पर ज्ञान, द्वितीय स्थान पर युक्ति और तृतीय स्थान पर हीरा व देव रहे। प्राचार्या उषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती हैं और उनकी आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करती है।




सोनीपत। विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण साथ में अन्य। फोटो :हरिभूमि

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सोनीपत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गेटवे इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन, सोनीपत में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले भर के 90 मेधावी छात्रों को उनकी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोनीपत जिले के लगभग 25 विद्यालयों के प्राचार्य एवं गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही 200 से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में पदमश्री डॉ. सन्तराम देशवाल, गेटवे एजुकेशन के निदेशक डॉ. मोहित बंसल, सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन एवं हरियाणा के प्रांत संगठन मंत्री संजय कस्वा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मंच से छात्रों को प्रेरणास्पद संबोधन दिया और उनकी उपलब्धियों की सराहना की।

---

**बीए इंग्लिश ऑनर्स की कट ऑफ 85.80 प्रतिशत पर पहुंची**

# स्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। दाखिला प्रक्रिया में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में स्नातक में प्रवेश के लिए आज दूसरी मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी है। जिसकी फीस भरने की अंतिम तिथि 12 जुलाई है।

महिला विवि के निदेशक जनसंपर्क लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने बताया कि बीए इंग्लिश ऑनर्स की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 85.80 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 76. 40 प्रतिशत रही। बीए इकोनॉमिक्स ऑनर्स की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 72.80 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 63 प्रतिशत रही। बीकॉम ऑनर्स की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 84 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 74.80 प्रतिशत रही। बीए एलएलबी की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 90.20 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 85.80 प्रतिशत रही। बीबीए एलएलबी की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 63 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 66.17 प्रतिशत रही। बीवॉक फैशन टेक्नोलॉजी की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 77.60 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 71.40 प्रतिशत रही। बीबीए की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 83.80 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 78.20 प्रतिशत रही। बीएससी. लाइफ साइंस की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 84.80 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 80.20 प्रतिशत रही। बीएससी. फिजिकल साइंस की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 82.40 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 71.20 प्रतिशत रही। डॉ. अनिल बल्हारा ने बताया कि तीसरी मेरिट लिस्ट 14 जुलाई को लगेगी।



सोनीपत। गांव नाहरा में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

### पौत्री के जन्मदिन पर पूरे गांव का चूला नोत कर दिखाया सामाजिक एकता का उदाहरण

**सोनीपत।** राई ब्लॉक के गांव नाहरा में सामाजिक समरसता और परंपराओं को संजोने की एक सुंदर मिसाल उस वक्त देखने को मिली जब गांव के विजेंद्र ने अपनी पौत्री के कुआं पूजन और जन्मदिन के अवसर पर पूरे गांव का 'चूला नोत' कर सभी को आमंत्रित किया। इस आयोजन में गांव नाहरा के सभी गण्यमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**सूचना**

मैं, पूजा पुत्री सुरेश कुमार निवासी गांव बनवासा, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरी बारहवीं कक्षा की मार्कशीट जिसका रोल नं. 2676052 केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से वर्ष 2015 में पास की हुई है। मेरे पिता जी का नाम बारहवीं कक्षा की मार्कशीट में सुरेश (Suresh) दर्ज है जो कि गलत दर्ज हुआ है जो कि मेरे पिता का सही नाम सुरेश कुमार (Suresh Kumar) है। मेरी दसवीं की मार्कशीट में मेरे पिता का नाम सुरेश कुमार (Suresh Kumar) दर्ज है। अब मैं अपने पिता जी का नाम बारहवीं कक्षा की मार्कशीट में सुरेश (Suresh) के स्थान पर सुरेश कुमार (Suresh Kumar) ठीक करवाना चाहती हूं।

## गुरु पूर्णिमा पर ऋषि स्कूल में 25वां विशाल भंडारा एवं हवन यज्ञ का किया आयोजन

# गुरु वह दीपक जो अज्ञान के अंधकार को मिटाता : बड़ौली

### प्रदेश अध्यक्ष, विधायक, सांसद व गणमान्य लोगों ने आहुति डाल सुख शांति की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

बहालगढ़ चौक के पास स्थित देव ऋषि वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 25 वा विशाल भंडारा व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में स्कूल के निदेशक जोगेंद्र सिंह आंतिल, सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत विधायक निखिल मदन के प्रतिनिधि, कांग्रेस नेता जय भगवान आंतिल, युवा भाजपा नेता जसपाल खेवडा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजेंद्र अंतिल, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज के अलावा गणमान्य लोगों ने आहुति डाली। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने गुरु पूर्णिमा की बधाई दी और कहा कि गुरु वह दीपक है जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है।




राई। स्कूल में निदेशक जोगेंद्र सिंह आंतिल व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और विधायक कृष्णा गहलावत का सम्मान करते हुए ।

**गुरु पूर्णिमा गुरुओं के महत्व की दिलाता याद : गहलावत**

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का यह पावन पर्व हमें अपने जीवन में गुरुओं के महत्व की याद दिलाता है। भंडारे की व्यवस्था में विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकों ने सहयोग दिया ।

## धूमधाम से मनाई गुरु दक्ष जयंती, मेधावियों को मिला सम्मान

- प्रदेशाध्यक्ष बडौली ने 13 जुलाई को भिवानी में राज्यस्तरीय समारोह के लिए दिया न्योता
- प्रजापति समाज मेहनतकश, समाज की तरक्की शिक्षा से ही संभव : विधायक देवेन्द्र कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर मंडी स्थित धर्मशाला में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्वलित कर की। दोनों अतिथियों का समाज के लोगों ने फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। समारोह से पहले हवन यज्ञ हुआ। लोगों ने आहुति दी। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। दर्शकों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में दसवीं और बारहवीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले 45 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने बच्चों को प्रशंसा पत्र और बैग देकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्यातिथि ने कहा कि प्रजापति समाज मेहनतकश है। समाज की तरक्की शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने लड़कों के साथ लड़कियों की शिक्षा पर भी जोर दिया। बड़ौली ने बताया कि गुरु दक्ष प्रजापति जयंती पर राज्यस्तरीय समारोह 13 जुलाई को भिवानी में होगा। उन्होंने सभी समाज के लोगों से समारोह में शामिल होने की अपील की। विधायक देवेंद्र कादियान ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रजापति समाज की हर मांग को पूरा कराया जाएगा। समाज के लोगों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रामगोपाल, पूर्व सरपंच रामसिंह, मास्टर ओमप्रकाश, सुभाष, राजेश आदि मौजूद रहे।




गन्नौर। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक देवेन्द्र कादियान का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते हुए ।

## गुरु पूर्णिमा गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते का प्रतीक : पवन खरखौदा

**खरखौदा।** खरखौदा शहर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ विभिन्न मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। छपडेश्वर मंदिर, बुच्चेश्वर मंदिर, बैजनाथ मंदिर सहित अन्य कई धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक पवन खरखौदा ने भी मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की और भंडारे में भाग लिया। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। जीवन में गुरु का मार्गदर्शन ही शिष्य को सच्चे पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। विधायक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए समाज में सद्भाव और नैतिक मूल्यों के प्रसार की अपील की।



खरखौदा। भंडारे में प्रसाद वितरित करते सेवक।

## गुरु के बिना ब्रह्म ज्ञान अथवा मोक्ष की प्राप्ति असंभव : तरुण देवीदास

**सोनीपत।** हिन्दू संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु ही हमें भगवान का बोध कराते हैं और जीवन में अध्यात्म, धर्म, नीति-अनिति के बीच अंतर की समझ देते हैं। वे अपने ज्ञान से जीवन में अध्यात्म और कर्म का महत्व एवं उपयोगिता, नीति-अनिति के बीच भेद का बोध करवाकर हमें उचित मार्ग पर ले जाने का काम करते हैं। इसलिए गुरु का अर्थ ही अँधेरे से प्रकाश की और ले जाने वाला माना जाता है। ये विचार वरिष्ठ भाजपा जिला महामंत्री तरुण देवीदास ने शहर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गुरुओं से आशीर्वाद लेकर उपस्थित जनसमूह को कहे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सोनीपत शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में सैकड़ों स्थलों पर भव्य कार्यक्रम आयोजन किए गए। इसके तहत चार मरला स्थित अंजनी माता मंदिर, मुरथल स्थित श्री राम कृष्ण साधना केंद्र, बहालगढ रोड, गोहाना रोड, रामनगर, एवं अन्य क्षेत्रों में गुरुओं की पूजा, यज्ञ, भंडारा एवं गुरु वंदन के कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर गौरव भोला, राजकुमार शर्मा, सतबीर प्रधान, राजेश, अमित, आदि मौजूद रहे।



### बाल भवन स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव



गन्नौर। बल भवन स्कूल के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए ।

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को गुरु पूर्णिमा का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। बाल वाटिका में कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा पांचवी तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने गुरु स्तुति का पाठ किया, जिसमें उन्होंने अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। कक्षा पांचवी के छात्र निहाल ने एक प्रभावशाली भाषण दिया, जिसमें उन्होंने गुरु पूर्णिमा मनाने के महत्व और गुरुओं के प्रति सम्मान के बारे में बताया। कक्षा चार की छात्रा दिशिका और शनाया ने गुरुओं के सम्मान में कविता पाठ किया। कक्षा पांचवी के छात्रों ने गुरुओं के लिए एक सुंदर गीत गाया, जिसे सुनकर सभी उपस्थित लोगों का मन मोहित हो गया। छात्रों ने अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया और उनके मार्गदर्शन में अपने जीवन को सफल बनाने का संकल्प लिया। स्कूल प्रशासन ने इस आयोजन की सराहना की

### गुरु पूर्णिमा पर की गोमाताओं की सेवा



सोनीपत। गोशाला में पहुंचें दिलबाग सिंह एवं अन्य।

**सोनीपत।** प्राध्यापक दिलबाग सिंह ने गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर गोशाला में जाकर गोमाताओं की सेवा की। इस दौरान सर्वप्रथम बाड़े से गोबर उठाया, शाम का चारा निकाला, पानी पिलाया, झाड़ू लगाया, कमर पर खुर्रा फेरा आदि कार्य किया। उसके उपरांत गौमाताओं को 21 कट्टे हरा चारा खिलाया गया। दिलबाग सिंह प्राध्यापक ने बताया कि गुरु पूर्णिमा जिसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। यह दिन गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार पांच गुरु माने गए हैं प्रथम गुरु मां जिन्होंने जन्म दिया है। द्वितीय गुरु धरती मां जिनकी गोद में हम पले-बड़े हैं। तृतीय गुरु पिताजी उनकी उंगली पकड़कर चलना सीखा। चतुर्थ गुरु शिक्षक जिनसे ज्ञान और दिशा मिली है। इस अवसर पर गौभक्त विकास कुमार, राजू राजपूत, गीता हिंदी अध्यापिका, गणित प्रवक्ता संजय कुमार, सरोज, संतोष आदि उपस्थित रहे।

### गुरु के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें : अश्विनी



गोहाना। मां सरस्वती की वंदना करते हुए गुरु और शिष्य।

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर गोहाना में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के दिन शिशुवाटिका में हवन करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना से हुआ। शिवाजी सदन से छात्र जसकीरत, परमीत, वंशिका व मीनल ने अपने साथियों के संग गुरुजनों को समर्पित भजन प्रस्तुत किया। छात्र प्रिंस, छात्रा हर्षिता व भव्या ने भाषण के माध्यम से गुरु की महता को उजागर किया। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि शिष्य के मन में अपने गुरु के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का भाव होना जरूरी है। जो विद्यार्थी अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ते हैं सफलता उनके कदम चूमती है। इस दौरान कक्षा 12वीं के अभिभावकों के साथ एक संवाद बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड परीक्षा की तैयारी, छात्रों की उपस्थिति, मानसिक स्वास्थ्य और अध्ययन की निरंतरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। मंच संचालन विभाग प्रमुख दीपक कपूर ने किया।

### गुरु पूर्णिमा पर अपनी गुरु को पहनाई पगड़ी



राई। विधायक कृष्ण ग़हलावत का पड़ी पहनकर स्वागत करते शेखर आंतिल।

**राई।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विधायक कृष्णा गहलावत को राई जखोली मंडल के अध्यक्ष एवं कष्ट निवारण समिति सदस्य शेखर आंतिल ने अपना राजनीतिक गुरु स्वीकार करते हुए पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। शेखर आंतिल ने विधायक को अपना राजनीतिक गुरु" की उपाधि देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक शिक्षक अपने शिष्य को शिक्षा देता है, उसी प्रकार विधायक कृष्णा गहलावत ने हमें राजनीति की मर्यादा, सेवा की भावना और जनसेवा का मार्ग सिखाया है। यह पगड़ी सम्मान का प्रतीक है और संदेश देती है कि शिष्य अपने गुरु को समाज के सर्वोच्च स्थान पर मानते हैं। राजनीति में भी गुरु-शिष्य परंपरा उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी शिक्षा या अन्य क्षेत्रों में। विधायक कृष्ण ग़हलावत ने कहा के अलावा राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की राह है। जो राजनीति को जनसेवा का मार्ग मानता है, वही सच्चा जनप्रतिनिधि बनता है।

**मार्केट न्यूज**

### फिम्स ने मुझे नया जीवन दियाः सीमा रानी

सोनीपत। जिला के निकटवर्ती गाँव की लगभग 43 वर्षीय एक ग्रामीण महिला- सीमा रानी को गंभीर परिस्थिति में फिम्स अस्पताल में लाया गया। इस महिला रोगी ने अब से पहले कई जगह से ईलाज कराया था लेकिन आराम नही मिला। रोगी के परिजनों ने फिम्स अस्पताल का नाम सुनकर यहाँ ईलाज करवाने का मन बनाया। उसे ईलाज के लिए दाखिल किया गया। तथा ईलाज की प्रक्रिया आरंभ हुई। सघन जांच के बाद पता चला कि मरीज को बच्चेदानी के मुँह का कैन्सर है। अस्पताल द्वारा तुरन्त कैन्सर के टयुमर बोर्ड की 5 डाक्टरों की टीम गठित की गई तथा ईलाज की पद्धति तय की गई। मरीज को बिमारी की गंभीरता व ईलाज के सभी विकल्पों के बारे में समझाया गया व बारीकी से पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके बाद मरीज की कीमोथैरेपी शुरू की गई। कैन्सर से प्रभावित होने के कारण महिला रोगी की बच्चेदानी की नस फट गई थी जिस कारण उसे अत्याधिक रक्त स्त्राव होना पाया गया। इससे महिला रोगी के जीवन को गंभीर खतरा हो सकता था। फिम्स के अनुभवी रोग विशेषज्ञ डा0 आशीष कौशिक की देख-रेख में टीम ने अथक प्रयास करके महिला की, कैन्सर से उत्पन्न रक्त स्त्राव की इस प्रमुख नालिका को बंद कर दिया और महिला मरीज को बच्चेदानी से होने वाले अत्याधिक रक्त स्त्राव से पूर्णतः मुक्त कर दिया गया इस विधि के अन्तर्गत, जिस मुख्य रक्त वाहिनी नालिका से रक्त की ज्यादा आपूर्ति की जा रही होती है, उसे तुरन्त बंद करके रोगी के शरीर मे हो रहे ज्यादा रक्त स्त्राव को रोका जाता है।



डॉ . आशीष कौशिक

## कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति : बड़ौली

- विधायक देवेंद्र कादियान, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का रेलवे रोड स्थित श्री राधे फैशन स्टूडियो पर वीरवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का पहुंचने पर विधायक देवेंद्र कादियान, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने नवनियुक्त घोषित कार्यकारिणी पदाधिकारी को बधाई देकर भरोसा जताते हुए कहा कि नई और ऊर्जावान टीम भाजपा को और अधिक मजबूत करने का काम करेगी। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने नवनियुक्त पदाधिकारी से कहा कि वे अधिक से अधिक मेहनत करें और निष्ठा व समर्पण भाव से मोदी और नायब सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ, मंडल, शक्ति केंद्र और जिला स्तर के कार्यक्रमों को पार्टी की योजना के अनुसार पूरा करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति हैं, जो न केवल जनता की समस्याओं के समाधान में अग्रणी रहते हैं, अपितु सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का सेतु भी बनते हैं। बड़ौली ने कहा कि कार्यकताओं के प्रयासों से ही आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता संगठन को नई मजबूती प्रदान करते हुए विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।



गन्नौर। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली का विधायक देवेंद्र कादियान, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते ।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर राजकुमार अग्रवाल, समाजसेवी हरीश वाधवा, प्रवीण कामरा, पूर्व पार्षद हरीश मदान, डॉ. भूपेंद्र कुकरेजा, तरुण चुघ, नंदलाल छाबड़ा, हरिराम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



राई। हिंदी ओलंपियाड में स्वर्ण पदक विजेता छात्रों के साथ स्कूल प्रधानाचार्य नीरा मुद्गल व शिक्षक ।

### हिंदी ओलंपियाड में छात्रों ने जीता स्वर्ण पदक

**गन्नौर।** जीडी गोयंका विद्यालय के होनहार छात्रों ने हाल ही में आयोजित हिंदी ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के अनेक छात्रों कनिका गुलिया, आयुष डांगी, कार्तिकेय मित्तल भावेश सरोहा, नायसा सोनी मुस्कान अब्दुल्ला ,स्नेहा, पारस खत्री आदि अनेक विद्यार्थियों ने विद्यालय स्तर पर हिंदी ओलंपियाड में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि उन्होंने अपने माता-पिता और शिक्षकों का भी नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या नीरा मुद्गल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि हिंदी ओलंपियाड एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है, जिसमें देश भर के विद्यार्थी भाग लेते हैं। प्रतियोगिता स्कूल में ही आयोजित हुई थी और इसमें ऑनलाइन माध्यम से देश के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति विद्यार्थियों की रुचि और ज्ञान को बढ़ावा देना है।

## महेंद्र चिड़ाना भाजपा जिला गोहाना के महामंत्री नियुक्त

- महामंत्री बोले, पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

पार्टी नेता महेंद्र सिंह चिड़ाना को भाजपा जिला गोहाना इकाई का महामंत्री नियुक्त किया गया है। अपनी इस नियुक्ति को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया।

नवनियुक्त जिला महामंत्री महेंद्र सिंह चिड़ाना बरोदा हलका के पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना के बड़े पुत्र हैं। वह गांव चिड़ाना मूल के हैं और हाल में गोहाना में आदर्श नगर के निवासी हैं। भाजपा द्वारा बीते बुधवार को जिला गोहाना की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। भाजपा के प्रति सेवा, समर्पण व कुशल कार्यशैली के चलते इस कार्यकारिणी में उनको जिला महामंत्री की जिम्मेवारी सौंपी गई। नवनियुक्त जिला महामंत्री ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है उसे वह हमेशा कायम रखेंगे। वह सदैव ईमानदारी एवं निष्ठा से अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे और इस पद की गरिमा को बनाए रखेंगे।



महेंद्र सिंह।

**निर्माण** | विधायक कृष्णा गहलावत ने राई हलके को दी विकास की नई सौगात

### नाहरी में खेल स्टेडियम के निर्माण की दिलाई मंजूरी

# विभिन्न गांवों में सब हेल्थ सेंटर के निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की राशि को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

विधानसभा क्षेत्र राई से विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने कहा कि नाहरी गांव के लिए एक खेल स्टेडियम मंजूर करवाया गया है। इसके साथ-साथ विभिन्न गांवों में सब हेल्थ सेंटर निर्माण के लिए तीन करोड़ तीस लाख रुपये की राशि स्वीकृत करवाई है।

विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि गांव पबसरा में 80 लाख 37 हजार रुपए, गांव कुमासपुर में 83 लाख 82 हजार रुपए, गांव दिपालपुर में 72 लाख 77 हजार रुपए, खटकड़ में 46 लाख 64 हजार रुपए, गांव नांगल कलां में 46 लाख 64 हजार रुपए की लागत से सब हेल्थ सेंटर के निर्माण कार्य करवाए जाएंगे।

सब हैल्थ सेंटरों के निर्माण के लिए उपरोक्त राशि स्वीकृत करवाई है। विधायक कृष्णा गहलावत इसके पश्चात बहालगढ़ में स्थित देवर्षि स्कूल में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।



राई। विधायक कृष्णा गहलावत ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए ।

### ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या से कराया अवगत

ग्राम वासियों ने बहालगढ़ में पीने के पानी की समस्या से विधायक कृष्णा गहलावत को अवगत करवाया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि उनकी गत दिवस ही एसएमडीए के अधिकारियों के साथ बैठक हुई है, जिसमें बहालगढ़ में गंदे पानी की निकासी व पेयजल की समस्या का जल्द ही समाधान करवा दिया जाएगा। इस दौरान विधायक गहलावत मुरथल स्थित श्री रामकृष्ण साधना केंद्र में आयोजित गुरूदेव के नाम कार्यक्रम में भी पहुंची, जहां उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती का आशीर्वाद लेते हुए सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन कुलदीप नागल, मंडल अध्यक्ष शेखर आतिल, मंडल अध्यक्ष वेदपाल शर्मा, विनोद लाला, जोगिंदर आतिल, बहालगढ़ के सरपंच राजेश, नरेंद्र धीमान, अमरजीत, अमित नाहरा आदि मौजूद रहे।